**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2756**

**21 मार्च, 2013 को उत्तर के लिए**

## भिलाई इस्पात संयंत्र की क्षमता में वृद्धि किया जाना

2756. श्री मोती लाल वोरा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की क्षमता में वृद्धि करने का प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो बीएसपी की क्षमता में कितनी वृद्धि किए जाने का लक्ष्य है;

(ग) क्या यह सच है कि बीएसपी द्वारा प्रतिवर्ष 1500 करोड़ से अधिक रूपए का लाभ अर्जित किया जा रहा है, जो उसकी क्षमता वृद्धि पर व्यय नहीं किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) और (ख): सेल की मौजूदा आधुनिकीकरण और विस्तार योजना के अधीन 17265/- करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ भिलाई स्टील प्लांट की संस्थापित क्रूड स्टील क्षमता को 3.93 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर 7.00 एमटीपीए किया जा रहा है।

(ग) और (घ): वर्ष 2009-10 से दिसम्बर, 2012 तक की विगत तीन वर्षों की अवधि के दौरान भिलाई स्टील प्लांट द्वारा अर्जित कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) इस प्रकार है:

करोड़ रूपये

| | 2009-10 | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 (दिसम्बर, 2012 तक) |
|---|---|---|---|---|
| कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) | 4270 | 3491 | 2715 | 1630 |

वित्त वर्ष 2009-10 से दिसम्बर, 2012 तक की अवधि के दौरान आनुपातिक आय कर, लाभांश तथा लाभांश कर के बाद भिलाई स्टील प्लांट द्वारा अर्जित लाभ 5981/- करोड़ रूपए था और उक्त अवधि के दौरान कुल पूंजीगत व्यय 8717 करोड़ रूपए था। इस व्यय का वित्त-पोषण सेल द्वारा आंतरिक प्रोद्भूत प्राप्तियों और ऋण से केन्द्रीय आधार पर किया गया था।

*********